भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 01.05.2024

आरेडिका में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना अस्पताल में दिनांक–01.05.2024 को मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा द्वारा किया गया।

महाप्रबंधक महोदय ने बताया कि आरेडिका परिवार के कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम बहुत ही लाभकारी हैं तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम होते रहेंगें साथ ही उन्होने ग्लोब मेडिकेयर लखनऊ से आए डाक्टरों को सम्मानित किया।

जाँच शिविर में आरेडिका के लगभग 397 कर्मचारियों एवं उनके परिवारों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया और अपनी बीमारियों का जॉच करायी। इलाज के उपरान्त सभी लोगों के मन में संतोष का भाव था। शिविर में बीपी, ईसीजी, रक्त जाँच और पीएपी स्मीयर टेस्ट किया गया।

स्वस्थ्य जाँच शिविर में आए डा. गुप्ता ने बाताया कि आरेडिका का प्रांगण बहुत ही सुन्दर एवं स्वच्छ है आप सभी लोग अपने जीवन में इन पाँच क्रिया कलापों को अपनाऐ तो आपको किसी डाक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं होगी। 1. अच्छी नीद 2. अच्छी धूप 3. संतुलित भोजन 4. सुबह टहलना एवं व्यायाम 5. अपने मन को संतुष्ट एवं संयमित रखना।

जाँच शिविर में ग्लोब मेडिकेयर लखनऊ से आयीं महिला रोग विशेषज्ञ डा. शाहीना तब्बसुम ने महिलाओं से संबंधित रोगों का उपचार किया तथा सामान्य महिला रोगों के बारे में जानकारी देकर महिलाओं को जागरूक किया। डा.शुभम श्रीवास्तव ने हड्डी रोगों का एवं डा. नितिन रंजन गुप्ता ने गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के रोगियों का उपचार किया।

आरेडिका की पीसीएमओ श्रीमती आभा जैन ने ग्लोब मेडिकेयर लखनऊ से आए सभी डाक्टरों का धन्यवाद दिया और भविष्य में इस प्रकार के आयोजन के लिए आशावान्वित किया।

इस अवसर पर आरेडिका के, पीएफए श्री हमीम अहमद, पीसीईई श्री हरीश चन्द्र,पीसीएससी श्री रमेश चन्द्र, पीसीपीओ श्री रूपेश श्रीवास्तव, रेलवे महिला कल्याण संगठन की सदस्याएँ तथा आरेडिका अस्पताल के डाक्टर एवं स्टाफ सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

01.5.2024

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी